## संपादकीय

# समझौते का उल्लंघन

पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के दरम्यान चार दिनों से चले आ रहे संघर्ष के बाद दोनों देशों में सीजफायर की सहमति बनी। हालांकि पाक की तरफ से समझौते का उल्लंघन भी हुआ, परंतु सेना ने मुस्तैदी से उनके नापाक मंसूबों पर पानी फेर दिया।

सेनाधिकारियों के अनुसार, जल, थल व वायु में सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर दोनों देशों के बीच सहमति बन गई है, मगर भारत की संप्रभुता को लेकर सेना सतर्क रहेगी। साथ ही पाक के उस दावे का खंडन भी किया गया, जिसमें भारतीय सेना द्वारा मस्जिदों को निशाना बनाने की बात की गई थी।

बताया जा रहा है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' में पड़ोसी मुल्क के चालीस सैनिकों समेत सौ आतंकी मारे गए, जबकि पांच भारतीय सैनिक शहीद हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाक की हर कार्रवाई पर सख्ती से जवाब देने को कहा, वहीं प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ शातिपूर्ण वार्ता का मार्ग अपनाने की बात कर रहे हैं।

भारत के इस कड़े कदम को आतंकवाद पर सीधा प्रहार माना जा रहा है। इससे दुनिया के समक्ष संदेश गया, भारत अब आतंकवाद के खिलाफ भीतर घुसकर कार्रवाई करेगा और देश की सुरक्षा को लेकर कोई समझौता न करने के प्रति दृढ़ है। मोस्ट वांटेड व खूंखार आतंकियों को मार गिराने के पीछे भारत की मंशा स्पष्ट थी। आंतरिक कलह से जूझ रहे पाक के भीतर आतंकवादियों के प्रति नाराजगी रखने वालों का बड़ा हिस्सा इस सफाये से काफी हद तक संतुष्ट भी बताया जा रहा है।

मोदी के नेतृत्व में यह संघषर्विराम अपनी शतरे पर संभव हुआ है। इसीलिए कूटनीतिक निर्णय के आधार पर सिंधु जल समझौते का निलंबन बहरहाल जारी रखने का निर्णय लिया गया है। अटारी-बाघा सीमाएं बंद रहेंगी और पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा पर रोक रहेगी।

हालांकि सीमावर्ती इलाकों के वाशिंदे अभी भी हमलों के डर से सुरक्षित स्थानों में शरण लिये हैं। युद्ध समस्या का हल नहीं है। यह हमें रूस-यूक्रेन की तबाही से सबक लेना होगा। बेशक शातिपूर्ण मार्ग चुनने को विवेकपूर्ण व कूटनीतिक कदम माना जा रहा है।

इसलिए सीजफायर का ऐलान होते ही सोमवार की सुबह बाजार खुलते ही शेयरों में जबरदस्त उछाल देखने को मिला। आतंकियों या दहशतगदरे को शरण देने का नतीजा पाक अच्छी तरह भुगत चुका है। उम्मीद की जा सकती है अपनी गलतियों को दोहराने और हेकड़ी दिखाने की बजाए वह समय रहते सबक ले तो यह दोनों देशों के हित में होगा तभी दुनिया में बेहतर संदेश स्थापित हो सकेगा।

# वर्कलोड की चिंता छोड़ो जसप्रीत बुमराह को कप्तान बनाओ: सुनील गावस्कर

**नईदिल्ली**

जबसे टेस्ट क्रिकेट से रोहित शर्मा में रिटायरमेंट का ऐलान किया है तब से क्रिकेट फैंस के मन में ये सवाल खड़ा हो रहा है कि भारतीय टीम का अगला टेस्ट कप्तान कौन होगा. कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि शुभमन गिल को अगला टेस्ट कप्तान नियुक्त कर दिया गया है बस इसका आधिकारिक ऐलान करना बाकी है. बीसीसीआई की चयन बैठक जल्द ही होने की उम्मीद है, जिसमें भारतीय कप्तान के साथ साथ टेस्ट स्क्वाड का भी ऐलान कर दिया जाएगा.

इस बीच ये भी रिपोर्ट्स आई कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कार्यभार प्रबंधन के कारण सभी पांच टेस्ट में खेलने में कठिनाई का हवाला देते हुए खुद को टेस्ट की कप्तानी की रेस से बाहर कर लिया है. चयनकर्ता अब कथित तौर पर शुभमन गिल और ऋषभ पंत को इस पद के लिए




प्राथमिक उम्मीदवार के रूप में देख रहे हैं.

इस रिपोर्ट के बावजूद भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सुनील गावस्कर ने जसप्रीत बुमराह को भारत का अगला टेस्ट कप्तान बनाने का समर्थन किया है. उनका मानना है कि एक तेज गेंदबाज के रूप में, बुमराह अपने कार्यभार को प्रबंधित करने और अपनी शारीरिक मांगों के अनुरूप मैदान पर निर्णय लेने के लिए सबसे उपयुक्त हैं.

रिपोर्ट के हवाले से गावस्कर ने कहा, अपने काम का बोझ खुद से बेहतर कौन जान सकता है? अगर आप किसी और को कप्तान नियुक्त करते हैं, तो वे हमेशा बुमराह से एक अतिरिक्त ओवर चाहेंगे. अगर वह आपका नंबर 1 गेंदबाज है, तो वह खुद ही जानता होगा कि हां, यह वह समय है जब मुझे ब्रेक लेना चाहिए. मेरे हिसाब से, यह सिर्फ जसप्रीत बुमराह ही हो सकता है. मैं उनके कार्यभार और इस तरह की सभी अटकलों को जानता हूं. उन्हें यह काम दें ताकि उन्हें पता हो कि कितने ओवर गेंदबाजी करनी है, कब उन्हें आराम देना है, कब आराम करना है. उसके हिसाब से वो खुद को तैयार रखेंगे, यही सबसे से आइडियल भी है.

उन्होंने आगे कहा, उसे (बुमराह को) शायद कोई टेस्ट मैच मिस न करना पड़े. अगर आप उसे टेस्ट मैच देते हैं, तो उसे पता चल सकता है कि कब रुकना है, इससे पहले कि उसका शरीर खराब होने लगे. मेरे हिसाब से, उसे टेस्ट मैच का कप्तान बना देना चाहिए. पहले टेस्ट के बाद, आठ दिन का गैप होता है. ठीक होने के लिए पर्याप्त समय होता है. फिर, दो बैक-टू-बैक टेस्ट मैच होते हैं. कोई बात नहीं, फिर एक और गैप होता है. अगर आप उसे कप्तानी देते हैं, तो वह यह जानने में सबसे अच्छा व्यक्ति होगा कि कब गेंदबाजी करनी है और कब नहीं करनी है.बता दें कि बुमराह ने पहले लाल गेंद के प्रारूप में भारत का नेतृत्व किया है, अपने हालिया प्रदर्शन और शांत नेतृत्व शैली के कारण शीर्ष दावेदार के रूप में उभरे हैं. उन्होंने ने इससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ 2022 बर्मिंघम टेस्ट और फिर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के दौरान भारत की कप्तानी की थी. उनके नेतृत्व में, भारत ने एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया पर 295 रनों की शानदार जीत हासिल की, जो ऑस्ट्रेलिया में रनों के लिहाज से उनकी सबसे बड़ी जीत थी, और उन्होंने इस साल की शुरुआत में सिडनी टेस्ट में भी टीम की अगुआई की थी, जब रोहित बाहर बैठे थे.

## चौथी तिमाही के नतीजों के बाद टाटा मोटर्स के शेयरों में आई गिरावट

**मुंबई**

टाटा मोटर्स के शेयर की कीमत में बुधवार को सुबह के कारोबार में 3 फीसदी की गिरावट आई, जो मंगलवार को बाजार बंद होने के बाद चौथी तिमाही के नतीजों के बाद आई. टाटा मोटर्स ने लाभांश की भी घोषणा की है.

जगुआर लैंड रोवर के कमर्शियल व्हीकल निर्माता टाटा मोटर्स ने मंगलवार 13 मई को जनवरी-मार्च 2025 तिमाही (वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही) के दौरान अपने समेकित शुद्ध लाभ में 51.34 फीसदी की साल-दर-साल गिरावट दर्ज की, जो 8,470 करोड़ रुपये थी. कंपनी ने पिछले वर्ष इसी अवधि में 17,407 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था. कंपनी की वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही बिक्री 1,19,502 करोड़ रुपये रही, जो साल-दर-साल 0.4 फीसदी की मामूली बढ़ोतरी दिखाता है.

टाटा मोटर्स, ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की आय साल-दर-साल 4.1 फीसदी गिरकर 16,700 करोड़ रुपये हो गई, जबकि एबिटा मार्जिन 60 आधार अंक घटकर 14 फीसदी हो गया.

वित्तीय वर्ष 2024-2025 के दौरान, हालांकि टाटा मोटर्स ने वित्त वर्ष 25 के लिए 4,39,695 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड राजस्व दर्ज किया, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 1.3 फीसदी अधिक था, लेकिन इसका लाभ 11.4 फीसदी गिरकर 27,830 करोड़ रुपये हो गया.

टाटा मोटर्स पर ब्रोकरेज की राय विभाजित है, सीएलएसए ने आउटपरफॉर्म रेटिंग और 805 रुपये का मूल्य लक्ष्य बनाए रखा है, जो बुधवार के समापन मूल्य से 14 फीसदी की संभावित वृद्धि का सुझाव देता है.

सीएलएसए ने उल्लेख किया कि जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) टैरिफ चिंताओं और व्यापक आर्थिक चुनौतियों के कारण वित्त वर्ष 26 में मांग के बारे में सतर्क है, लेकिन समग्र लक्जरी यात्री वाहन खंड पर इसका कोई खास असर नहीं हो सकता है. इन बाधाओं के बावजूद, जेएलआर को अपने वित्त वर्ष 26 के ईबीआईटी मार्जिन मार्गदर्शन को प्राप्त करने का भरोसा है.

## अनुपम खेर की तन्वी द ग्रेट बाहुबली के अभिनेता नासिर की एंट्री, ब्रिगेडियर राव का निभाएंगे किरदार

काफी समय से अनुपम खेर अपनी आगामी फिल्म तन्वी द ग्रेट को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि साल 2002 में आई फिल्म ओम जय जगदीश के बाद यह अनुपम के निर्देशन में बन रही दूसरी फिल्म है। वे इस फिल्म में अभिनय भी करने वाले हैं। अब तन्वी द ग्रेट में बाहुबली के अभिनेता नासिर की एंट्री हो चुकी है। तन्वी दे ग्रेट से नासिर की पहली झलक सामने आ चुकी है, जिसमें उनका धाकड़ अवतार दिख रहा है। फिल्म में वह ब्रिगेडियर केएन राव की भूमिका में नजर आएंगे।

नासिर का टीम में स्वागत करते हुए अनुपम ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा, नासिर सर मुझझे उम्र में छोटे हैं, लेकिन उनके शानदार फिल्मी करियर के कारण ही जब भी मैं उनका जिक्र करता हूं तो सर अपने आप सामने आ जाता है।

अनुपम ने आगे लिखा, नासिर की फिल्मों की सूची एक अभिनेता का सपना है। थेवर मगन, बॉम्बे, ऐनी सिवन, नायकन, बाहुबली... मैं और भी फिल्में बता सकता हूं।

# टेस्ट से संन्यास की खबरों पर फूटा मोहम्मद शमी का गुस्सा

**अफवाह फैलाने वालों को जमकर लताड़ा**

**नई दिल्ली**

भारत के दाएं हाथ के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने टेस्ट क्रिकेट में अपने भविष्य के बारे में अटकलें लगाने वाले एक ऑनलाइन न्यूज पोर्टल की जमकर निंदा की है. शमी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर करते हुए एक न्यूज रिपोर्ट की खूब निंदा की है और साफ शब्दों में कहा है कि वह खेल के सबसे लंबे फॉर्मेट में बने रहेंगे और जल्द ही कहीं नहीं जा रहे हैं.

34 वर्षीय तेज गेंदबाज, जो वर्तमान में इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं ने उस रिपोर्ट पर निशाना साधा है, जिसमें संकेत दिया गया था कि शमी संभवत: दिग्गज विराट कोहली और रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद अपने टेस्ट करियर को अलविदा कह सकते हैं. मोहम्मद शमी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में एक न्यूज रिपोर्ट का स्क्रीनशॉट शेयर किया है, जिसकी हेडलाइन थी, मोहम्मद शमी रिटायरमेंट: रोहित शर्मा, विराट कोहली के बाद, भारतीय तेज गेंदबाज टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह सकते हैं. इसके जवाब में शमी ने नीचे शमी लिखा, बहुत बढिय़ा किया, महाराज. अपनी जॉब के दिन भी गिन लो कितने दिन बचे हैं. बाद में देख लें हमारा. आप जैसे ने सत्यनाश कर दिया फ्यूचर का. कभी तो अच्छा बोल लिया करें. आज की सबसे खराब स्टोरी सॉरी. अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने अब तक 64 टेस्ट मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है. इस दौरान उन्होंने 27.71 की औसत से 229 विकेट लिए हैं. उनका आखिरी टेस्ट जून 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ओवल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल था. बता दें कि, वनडे वर्ल्ड कप 2023 में चोटिल होने के बाद यह तेज गेंदबाज लंबे समय के लिए टीम से बाहर हो गया था. लेकिन, इस साल इंग्लैंड के खिलाफ टी20आई सीरीज के जरिए शमी ने भारतीय टीम में वापसी की. वह चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे.

# शेयर बाजार ग्रीन जोन में खुला, सेंसेक्स 130 अंक उछला, निफ्टी 24,613 पर

**मुंबई**

कारोबारी सप्ताह के तीसरे दिन शेयर बाजार हरे निशान पर खुला. बीएसई पर सेंसेक्स 130 अंकों की बढ़ोतरी के साथ 81,278.49 पर ओपन हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.14 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 24,613.80 पर खुला.

आज के कारोबार के दौरान ऑरियनप्रो सॉल्यूशंस, वीएसटी टिलर्स ट्रैक्टर्स, वीआईपी इंडस्ट्रीज, हनीवेल ऑटोमेशन, ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन फार्मास्यूटिकल्स, मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर, आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया, मैक्स फाइनेंशियल सर्विसेज, गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स, एएसके ऑटोमोटिव, भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, डालमिया भारत शुगर एंड इंडस्ट्रीज और भारती हेक्साकॉम के शेयर फोकस में रहेंगे.



कारोबारी सप्ताह के दूसरे दिन शेयर बाजार भारी गिरावट के साथ रेड जोन में बंद हुआ. बीएसई पर सेंसेक्स 1281 अंकों की गिरावट के साथ 81,148.22 पर क्लोज हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 1.39 फीसदी की गिरावट के साथ 24,578.35 पर बंद हुआ.

कारोबार के दौरान निफ्टी पर भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, जियो फाइनेंशियल, हीरो मोटोकॉर्प, डॉ रेड्डीज लैब्स और सिप्ला के शेयर टॉप गेनर के लिस्ट में शामिल रहे. जबकि पावर ग्रिड कॉर्प, इंफोसिस, इटरनल, टीसीएस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर टॉप लूजर के लिस्ट में शामिल रहे.

बीएसई मिडकैप सूचकांक स्थिर रहा, जबकि स्मॉलकैप सूचकांक में 0.9 फीसदी की बढ़ोतीर हुई. सेक्टरों में मीडिया, पीएसयू बैंक, फार्मा इंडेक्स में 1-1 फीसदी की तेजी आई. जबकि आईटी, एफएमसीजी, रियल्टी इंडेक्स में 1-2 फीसदी की गिरावट आई.

सेक्टरों में सबसे ज्यादा नुकसान निफ्टी आईटी इंडेक्स में हुआ, जो इंट्रा-डे ट्रेड में करीब 3 फीसदी गिरा. इंफोसिस, टीसीएस और एचसीएल टेक्नोलॉजीज जैसे दिग्गज शेयरों में मुनाफावसूली के चलते 3 से 4 फीसदी तक की गिरावट आई. ऑटो और एफएमसीजी शेयरों पर भी दबाव देखने को मिला.

## अप्रैल में थोक महंगाई घटकर 0.85 फीसदी पर आई, खाने-पीने की चीजें सस्ती होने से घटी महंगाई



**नई दिल्ली**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मंहगाई मार्च में 2.05 फीसदी से अप्रैल 2025 में 0.85 फीसदी तक गिर गई. मंहगाई में गिरावट मुख्य रूप से ईंधन एवं बिजली तथा प्राथमिक वस्तुओं के खंडों में कीमतों में गिरावट के कारण हुई. हालांकि विनिर्माण क्षेत्र ने लचीलापन दिखाना जारी रखा.

ऐसा मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों, अन्य विनिर्माण, केमिकल्स और केमिकल्स प्रोडक्ट, अन्य परिवहन उपकरणों के निर्माण और मशीनरी और उपकरणों के निर्माण आदि की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण हुआ है. यह मार्च में डब्ल्यूपीआई दर से कम है, जो 2.05 फीसदी थी.

डब्ल्यूपीआई बड़ी मात्रा में बेची जाने वाली वस्तुओं की कीमतों में औसत बदलाव को ट्रैक करता है और उत्पादन स्तर पर मुद्रास्फीति का एक महत्वपूर्ण संकेतक है. यह कृषि, खनन और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में आपूर्ति और मांग के रुझान को दिखाता है.

भारत की खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई 2019 के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर आ गई है. अप्रैल 2025 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक साल-दर-साल 3.16 प्रतिशत दर्ज किया गया, मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों से पता चला है. यह गिरावट मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों की कम कीमतों के कारण हुई, जिसे भीषण गर्मी के बावजूद अच्छी फसल का समर्थन मिला. खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट में मुख्य योगदान देने वालों में सब्जियां, दालें, फल, मांस और मछली, अनाज और व्यक्तिगत देखभाल की वस्तुएं शामिल थी.

## श्रेयस तलपड़े और तुषार कपूर की हॉरर-कॉमेडी कपकपी का टीजर जारी

**डर के साथ हंसाने आ रहे गोलमाल स्टार्स**

श्रेयस तलपड़े और तुषार कपूर गोलगोल के बाद फिर से अपने फैंस को हंसाने के लिए तैयार हैं लेकिन इस बार डर के तडक़े के साथ. उनकी अपकमिंग हॉरर-कॉमेडी कपकपी में दोनों को डर के सस्पेंस के साथ हंसी का तडक़ा लगाते हुए देखा जाएगा. फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है जिसे सबसे पहले प्रतीक गांधी और पत्रलेखा की फुले के साथ सिनेमाघरों में दिखाया गया है. 2023 की मलयालम हॉरर-कॉमेडी रोमंचम की रीमेक बताई जा रही इस फिल्म का निर्देशन दिवंगत संगीत सिवन ने किया है.




कपकपी का टीजर दर्शकों को एक मजेदार और अजीब दुनिया में ले जाता है, जहां दोस्तों का एक ग्रुप एक ओइजा बोर्ड के साथ खिलवाड़ करता है और इसी के ताने बाने में लिखी कॉमेडी आपके लिए हंसी के दरवाजे भी खोलती है. हंसी और सस्पेंस के साथ टीजर डर की झलक भी देता है. जो इसे पूरी तरह एंटरटेनिंग बनाता है.

तुषार कपूर और श्रेयस तलपड़े की जोड़ी गोलमाल में पहले ही धमाल मचा चुकी है और अब कपकपी में इनके बीच की शानदार केमिस्ट्री ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है. सालों बाद फिर से यह जोड़ी अपनी बेहतरीन टाइमिंग और मजेदार बातचीत के साथ अपनी खास कॉमिक टाइमिंग स्टाइल से दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार है.

## भूषण कूमार ने मिलाया पुष्पा के मेकर्स से हाथ, अब ऋषभ शेट्टी की जय हनुमान नॉर्थ इंडिया में भी छाएगी

कांतारा फेम स्टार ऋषभ शेट्टी अपनी फिल्म कांतारा के प्रीक्वल की तैयारियों में जुटे हुए हैं. फिल्म मौजूदा साल के दशहरा के मौके पर रिलीज होने वाली है. इसी के साथ ऋषभ ऐतिहासिक और पौराणिक फिल्म जय हनुमान को लेकर भी चर्चा में हैं. इस फिल्म का डायरेक्शन हनुमैन के डायरेक्टर प्रशांत वर्मा कर रहे हैं और पुष्पा के मेकर्स मूवी मैत्री मेकर्स इसका निर्माण कर रहे हैं. अब फिल्म से टी-सीरीज के मालिक भूषण कुमार भी जुड़ गए हैं. टी-सीरीज ने सोशल मीडिया पर आकर इस बात की जानकारी दी है.



अब कहना गलत नहीं होगा कि जय हनुमान पैन-इंडिया में अपनी जलवा दिखाने वाली है. भूषण कुमार ने मूवी मैत्री मेकर्स से सहयोग पर कहा है, जय हनुमान एक शानदार कहानी है और भारत की सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी इस कहानी को हम आगे बढ़ाने का कम कर रहे हैं, यह फिल्म भारतीय सिनेमा और भक्ति का त्योहार है,

## आज का राशिफल

***मेष:*** आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज कुछ महत्वपूर्ण मामलों में फैसला ले सकते हैं। धर्म और सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि हो सकती है। आज किसी भी योजना को सोच-विचार करके कार्य रूप देने से लक्ष्य हासिल होगा।

***वृष:*** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज कुछ समय अपने पारिवारिक और व्यक्तिगत जीवन के लिए निकालना रिश्ते में मधुरता लाएगा। आज व्यवसाय संबंधी डील मिले तो उसे हासिल करने में ज्यादा सोच-विचार ना करें।

***मिथुन:*** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। कुछ समय से चल रहे पारिवारिक समस्याएं निपटने से घर में सुकून और शांति पूर्ण माहौल रहेगा। आज दूसरों के मामले में बिना मांगे सलाह नही दें। आप अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें।

***कर्क:*** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अपने कामों में ही व्यस्त रहें और बेवजह की गतिविधियों में रुचि नहीं लेंगे। आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। इसका फायदा उठाना है, तो पुरानी नेगेटिव बातों को मन से निकालें।

***सिंह:*** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपका काफी दिनों से रुका काम पूरा हो जाएगा, जिससे मन प्रसन्न होगा। जो काम पिछले काफी समय से रुके हुए थे, आज वह कम मेहनत से ही सफल हो सकते हैं। विद्यार्थी अपने अध्ययन के प्रति पूर्णता ध्यान केंद्रित रखेंगे।

***कन्या:*** आज का दिन आपके लिए उत्तम है। भाई-बहनों से यदि किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी, वह दूर होगी। आज आपकी योजना समय से पूरी हो जाएंगी। परिवार को समय देने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा।

***तुला:*** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यस्थल पर अधिक मेहनत करनी होगी, अपनी कार्य क्षमता में कमी न आने दें। आज रुका हुआ पैसा मिलने से आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

***वृश्चिक:*** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी परिस्थितियां पहले से अनुकूल रहेंगी। व्यापारिक क्षेत्र में आपको मेहनत से आज अधिक लाभ होगा। आज आपको धन लाभ के अनेक अवसर प्राप्त होंगे।

***धनु:*** आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। विद्यार्थियों को अपनी मेहनत के बेहतर परिणाम हासिल होंगे। दांपत्य जीवन में खुशी का माहौल बनेगा। आज बच्चे घर के काम में माता की मदद करेंगे, जिससे माता उनसे प्रसन्न रहेगी।

***मकर:*** आज आर्थिक तौर पर आपकी स्थिति मजबूत रहेगी। आपके व्यापार में लाभ के योग हैं। साथ में साइड बिजनेस कर सकते हैं। जिससे लाभ होने की संभावना बनेगी। जिन लोगों को पॉलिटिक्स में रुचि है, उन्हें बड़ा पद प्राप्त होने के योग हैं।

***कुंभ:*** आज आपका दिन बढिय़ा रहने वाला है। आज आप जॉब के लिए इंटरव्यू देने जाएंगे, जिसमें आपको सेलेक्ट कर लिया जाएगा। नया बिजनेस स्टार्ट करने से पहले किसी अनुभवी से सलाह लेंगे जिससे आपका बिजनेस अच्छे से चले।

***मीन:*** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह जरूर ले।

## आमिर खान की सितारे जमीन पर का ट्रेलर जारी, 20 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म

काफी समय से अभिनेता आमिर खान फिल्म सितारे जमीन पर को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। उनकी यह फिल्म इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है।




खास बात यह है कि इस फिल्म के जरिए आमिर करीब 3 साल बाद बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं। फिल्म का पहला पोस्टर सामने आने के बाद दर्शकों में फिल्म को लेकर उत्साह और भी बढ़ गया है। अब निर्माताओं ने सितारे जमीन पर का ट्रेलर जारी कर दिया है। सितारे जमीन पर की कहानी डाउन सिंड्रोम पर आधारित है। आमिर अपनी फिल्म के माध्यम से एक और स्वास्थ्य संबंधी परेशानी पर लोगों का ध्यान केंद्रित करना चाहते थे। यह एक ऐसी बीमारी पर आधारित होगी, जिसे समाज में कलंकित माना जाता है।

इस फिल्म से अरोैश दत्ता, गोपी कृष्ण वर्मा, संवित देसाई, वेदांत शर्मा, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शाहनी, ऋषभ जैन, नमन मिश्रा और सिमरन मंगेशकर जैसे बाल कलाकर अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं।

सितारे जमीन पर के निर्देशन की कमान आरएस प्रसन्ना ने संभाली है। आमिर इस फिल्म का निर्माण अपनी पूर्व पत्नी किरण राव के साथ मिलकर कर रहे हैं।

आमिर के साथ इस फिल्म में जेनेलिया डिसूजा भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म 20 जून, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।

आमिर अपनी इस फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज करने के 2 महीने बाद यूट्यूब पर पे-पर-व्यू (पीपीवी) मॉडल पर रिलीज करेंगे।

सितारे जमीन पर के ट्रेलर को आमिर खान प्रोडक्शन के यूट्यूब हैंडल पर रिलीज करने से पहले इसे जी नेटवर्क चैनल पर 7:50-8:10 बजे दिखाया गया था।

हमेशा की तरह आमिर के काम को काफी सराहा जा रहा है, वहीं जेनेलिया भी उनके साथ खूब चमक रही हैं। दोनों की अदाकारी को प्रशंसक काफी पसंद कर रहे हैं।


## शब्द सामर्थ्य- 48

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 047 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| वा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | व | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |

## सू-दोकू- 48

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.047 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |